तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहुंचाने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य शासन द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय कला एवं संस्कृति के धरोहर को पुनर्जीवित कर इसे देश और वैश्विक पटल पर रखने सहित स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों को अमिट पहचान और समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम यथा बस्तर का उत्सव का भव्य संभागीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजन दंतेवाड़ा के हाईस्कूल मैदान में किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने बस्तर पंडुम के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## विशाल डोम से बस्तर में शांति का ऐलान करेंगे अमित शाह



**जगदलपुर।** नक्सलियों के गढ़ में सीधे पहुंचकर उनको मौत के घाट उतारने का काम तेजी से चल रहा है। इसमें फोर्स को लगातार सफलता मिल रही है। यह सब कुछ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस ऐलान के बाद हो रहा है, जब उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया होने का ऐलान कर दिया है। 5 अप्रैल को अमित शाह के दंतेवाड़ा आगमन के चलते तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। विशाल डोम से अमित शाह शांति का ऐलान करेंगे। एक तरह से बस्तर पंडूम ▶▶|शेष पेज 12 पर

### नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

सियासत : बस्तर के लोगों तक हर सुविधाएं पहुंचाना साय व मोदी सरकार का संकल्प

# नक्सलगढ़ रायगुड़ेम में गृहमंत्री शर्मा ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

- नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों से मिलकर बढ़ाया हौंसला
- नक्सली कमांडर हिड़मा-देवा का गढ़ रहा है रायगुडेम

नक्सलियों का कोर इलाका माने जाने वाले सुकमा जिले के ग्राम रायगुड़ेम में गुरुवार सुबह पहुंचे डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों से चर्चा कर उनका हौंसला बढ़ाया। यह पहला मौका था जब कोई मंत्री नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले रायगुड़ेम का दौरा बाइक से करके ग्रामीणों से चर्चा की।

कोण्टा ब्लॉक के अतिसंवेदनशील क्षेत्र रायगुड़ेम के लिए यह पहला अवसर था जब आजादी के बाद कोई मंत्री इस नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचा। विजय शर्मा ने न केवल जवानों से मुलाकात की बल्कि ग्रामीणों से भी मुलाकात की। उनके साथ चौपाल लगा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से यह भी पूछा कि कैसे उनकी जिंदगी में बदलाव लाया जा सकता है। सरकार उन्हें किस प्रकार की मदद कर सकती है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा बस्तर के लोगों तक हर सुविधाएं पहुंचाना साय व मोदी सरकार का संकल्प है। जवानों की भुजाओं की ताकत पर अब सभी सुविधाएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों तक पहुंच रही है, पहले इन्हें कोई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा ▶▶|शेष पेज 12 पर



### शर्तों के साथ बातचीत संभव नहीं

*दक्षिण बस्तर प्रवास पर पहुंचे डिप्टी सीएम को अधिकारियों ने इस इलाके में चल रहे विकास कार्यों और सुरक्षा के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इस इलाके में आने वाले समय में और अधिक विकास कार्य किए जाएंगे। स्थानीय समुदाय की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नक्सलियों से शर्तों के साथ बातचीत संभव नहीं है। हमारे जवान बहादुरी से लड़ रहे हैं। और उनके संघर्ष से ही इस इलाके में शांति और विकास की शुरूआत हो रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार नक्सलियों के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है लेकिन शर्तों के साथ बातचीत संभव नहीं है।*



### जवानों का बढ़ाया हौसला

डिप्टी सीएम ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर रूबरू होने से पहले जगरगुंडा के रायगुड़ेम में जवानों से मुलाकात की। इस दौरान बस्तर आईजी सुंदरराज पी, सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, ज़िला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सीआरपीएफ कमांडेंट नवीन व अन्य अधिकारी मौजूद थे। जवानों का हौंसला बढ़ाने के बाद वे बाइक में सवार होकर बीहड़ इलाके में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मुलाकात की।

### रेड कारिडोर में विकास की शुरुआत हो चुकी: शर्मा

डिप्टी सीएम ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र रायगुड़म और आसपास के क्षेत्रों में अब सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत और जिला प्रशासन के प्रयासों से नक्सलवाद के प्रभाव को कम किया जा रहा है। इस इलाके में अब सुरक्षाबलों द्वारा स्थापित कैंपों के कारण अमन-चैन का माहौल बन रहा है। इसके साथ ही नक्सलियों के रेड कॉरिडोर कहे जाने वाले इस इलाके में विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। इसके तहत सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, और शिक्षा के अवसरों का निर्माण किया जा रहा है।






## खबर संक्षेप

### संपत्ति कर, दुकान किराया और जल शुल्क जमा करने की अवधि बढ़ी




**कोण्डागांव।** नगर पालिका प्रशासन ने संपत्ति कर, दुकान किराया और जल शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 कर दी है। लोकसभा चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासन द्वारा आधिकारिक सर्कुलर भी जारी किया गया है। नगर पालिका ने अब तक 5.05 करोड़ रुपये में से 4.37 करोड़ रुपये की वसूली कर ली है, लेकिन अभी भी 68 लाख रुपये बकाया हैं। प्रशासन लगातार बकायादारों से संपर्क कर उन्हें समय सीमा के भीतर कर चुकाने की अपील कर रहा है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि 30 अप्रैल 2025 के बाद बकाया राशि पर 6.25 प्रतिशत का ब्याज लगाया जाएगा। इसके अलावा, लगभग आठ दुकानों की लीज निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। जिससे किरायेदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### दिगम्बर जैन संत मुनिश्री का नगर आगमन आज

**जगदलपुर।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य दिगम्बर जैन संत मुनिश्री 108 आगम सागर, मुनिश्री पुनीत सागर, ऐलक धैर्य सागर एवं ऐलक स्वागत सागर जगदलपुर प्रवास पर आ रहे हैं। शुक्रवार को मुनिश्री महाराणा प्रताप चौक लालबाग से नगर प्रवेश करेंगे। शाम 4 बजे लालबाग स्थित आचार्य विद्या सागर कीर्ति स्तम्भ स्थल पर मुनि संघ की भव्य आगवानी का कार्यक्रम रखा गया है। दिगम्बर जैन संत न केवल जैन समाज किन्तु समस्त मानवता की धरोहर हैं। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।



### राजस्व पखवाड़ा का आयोजन होगा 7 से

**कोण्डागांव।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए माहवार तिथि निर्धारित की गई है, जिसके तहत राजस्व पखवाड़ा का आयोजन माह अप्रैल में 7 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इसी प्रकार मई माह में 13 मई से 27 मई तक होगा। जून माह में 16 जून से 30 जून तक आयोजित होगा। इस दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत राजस्व प्रकरणों पर समय सीमा में कार्रवाई की जाएगी। इस पखवाड़े में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, विवादित नामांतरण विवादित खाता विभाजन, अभिलेख त्रुटि सहित अन्य प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# शिवाजी महाराज ने स्वराज की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया

## कोंडागांव में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाई छत्रपति की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की भावना को हर भारतीय में किया जागृत

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव की ओर से आज छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जयघोष के साथ हुई, जहां उपस्थित लोगों ने हिंदू सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की जय और भारत माता की जय के नारे लगाए। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने इस दौरान शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की और स्वराज की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

उन्होंने बताया कि भारत में हर साल 3 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उन्होंने स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की भावना को हर भारतीय के हृदय में प्रज्वलित किया। उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें नमन करते हैं और उनके विचारों से प्रेरणा लेते हैं।




### शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

र्यक्रम में परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भाग लिया। सभी ने शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## आयोजन: शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों ने कराया कार्यक्रम

# शहीद आरक्षक रामदास कोर्राम की प्रतिमा का अनावरण, वीरता को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शहादत हम लोगों के लिए हमेशा रहेगा प्रेरणादायक: एसपी

नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान रामदास कोर्राम की स्मृति में आज ग्राम बनजुगानी में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने अपने उद्बोधन में शहीद जवान की वीरता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीद रामदास कोर्राम ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने शहीद परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि यदि उन्हें पुलिस से संबंधित कोई भी सहायता की आवश्यकता हो, तो वे तत्काल संपर्क करें।





### भव्य आयोजन में सैकड़ों लोग हुए शामिल

इस मौके पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार, थाना प्रभारी कोंडागांव सौरभ उपाध्याय, प्रआर पन्नालाल देहारी, नरेंद्र देहारी, आर. बुधसन कुलदीप, जीएस योगेश साहू समेत अन्य पुलिसकर्मी, भूतपूर्व सैनिक, ग्राम सरपंच और बन जुगानी के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया।

### कर्तव्य पथ पर बलिदान

शहीद रामदास कोर्राम वर्ष 2011 में पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में भर्ती हुए थे। एसटीएफ बघेरा, जिला दुर्ग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 3 अप्रैल 2021 को कर्तव्य निर्वहन के दौरान एक नक्सली मुठभेड़ में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद परिवार, ग्रामवासियों और भूतपूर्व सैनिकों के इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों की स्मृति सदा जीवंत रहेगी।

# बोर्ड परीक्षा में चल रही खुलेआम नकल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड ब्लाक में खुलेआम छात्रों से नकल करवाया जा रहा है। कोई छात्र गाइड लेकर बैठा है, तो कोई मोबाइल से उत्तर उतार रहा है। खुद शिक्षक परीक्षा कक्ष में खड़े होकर उन्हें उत्तर बता रहे है। बकावण्ड ब्लाक के कोरटा प्राथमिक शाला और नलपाउंड प्राथमिक स्कूल के कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में विज्ञान विषय का पेपर चल रहा था। इस दौरान कैमरे में खुलेआम नकल की तस्वीर कैद हुई है। आनन फानन में कैमरे देख शिक्षक हड़बड़ा गये और पूछने पर कोई उचित जवाब दे नहीं पाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। 5 वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षा इस साल से सरकारी स्कूलों में हो रही है। वहीं 10वीं और 12वीं की परीक्षा भी मार्च महीने में हुई। बस्तर जिले में नीचे गिरते रिजल्ट को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिस स्कूल का भी परिणाम कम होगा वहां के शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। इसी डर के चलते इस बार बोर्ड परीक्षाओं में कड़ाई नहीं बरती जा रही है। स्कूलों में नकल की भी शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा उड़नदस्ता टीम ने इन परीक्षाओं में कहीं भी नकल के प्रकरण नहीं बनाए हैं।

### बीईओ को नोटिस, जांच के निर्देश

*नकल प्रकरण को काफी गम्भीरता से लिया गया है। इस मामले में खंड शिक्षाधिकारी बकावंड को नोटिस दी गई है। उन्हें इस प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए है। दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

***बलीराम बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी***

# वार्षिक मेले में स्टाल लगाकर दी गई न्याय संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के आदेशानुसार श्रीमती किरण चतुर्वेदी, श्रीमती सौम्या राय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी /अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल एवं सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देशन में पारंपरिक वार्षिक मेले में स्टाल लगाकर विधिक जानकारी दी जा रही है। लोगों को न्याय के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। श्रीमती सौम्य राय अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, श्रीमती मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय केशकाल द्वारा उपस्थित लोगों को निः शुल्क कानूनी जानकारी दी गई। 10 अप्रैल को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में वार्षिक पारंपरिक मेला में स्टॉल लगाकर मेले में आए आमजनो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता एवं नेशनल लोक अदालत का पाम्पलेट वितरण कर प्रचार – प्रसार किया गया। टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 मानव तस्करी नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर क्राइम के संबंध में हेल्प लाइन 1930 को लेकर जागरूक किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव,चमेली यादव थाना धनोरा लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी तथा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# पेयजल संबंधी समस्या के समाधान के लिए किए गए अफसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला व जनपद स्तर पर बनाए गए नोडल अधिकारी
- टोल फ्री नंबर पर भी कर सकते हैं शिकायत

जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने और इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त टोल फ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का लगातार सुधार कार्य किया जा रहा है।

### प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर कर सकते हैं संपर्क

*जिले में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कोण्डागांव द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी पी. एन. तालुकदार, हैण्डपंप तकनीशियन कोण्डागांव जनपद स्तर पर अजय कुमार टोप्पो, उप अभियंता माकड़ी जनपद के लिए सी.एस. सोनवानी उप अभियंता फरसगांव जनपद स्तर पर आर.पी. जोशी, उप अभियंता केशकाल जनपद स्तर पर किशोर कुमार कोल्हे सहायक अभियंता को नियुक्त किया गया है। बड़ेराजपुर जनपद स्तर पर कु. निभा कोर्राम, उप अभियंता को दायित्व सौंपा गया है। जिले के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या होने पर अथवा हैंडपंप खराब हो जाने पर इसकी शिकायत जिला स्तर या संबंधित जनपद स्तर के प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।*

## प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों के लिए बन रही वरदान

# महेन्द्र के परिवार को मिला सुरक्षित आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कई जरूरतमंद परिवारों का सपना होता है कि उनका अपना पक्का मकान हो लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण हर कोई इस सपने को साकार नहीं कर पाता। ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं है। जिले के कई गरीब परिवारों के इस सपने को यह योजना साकार कर रही है। ऐसे ही हितग्राही ग्राम पीपरा निवासी महेन्द्र पटेल है जो आज अपने परिवार के साथ पक्के मकान में सुखद जीवन यापन कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी व केशकाल विकासखण्ड मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत पीपरा के हितग्राही महेन्द्र पटेल सब्जी बेचकर अपने परिवार का जीवनयापन कर रहा था। रोज सुबह वह बाजार में सब्जी बेच कर कुछ रुपये कमाते हैं। जिसे बच्चों की पढ़ाई के खर्चों में और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में लगते हैं। कच्चे मकान में रहते हुए उनकी पत्नी और बच्चों के मन में हमेशा खुद का पक्का घर होने की ख्वाहिश उमड़ती रहती थी। जो घर था वह मिट्टी के कच्चे दीवारों एवं खपरैल छत का बना पुराना सा था उसकी भी स्थिति ऐसी थी कि बारिश के दिनों में उस घर में रहना दूभर हो जाता था। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्के आवास के सपने को सच करने में खुद सक्षम नहीं था। महेंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना योजना के बारे में जानकारी मिलने पर आवेदन करने का फैसला किया। उसे उम्मीद थी कि शायद यह योजना उसके परिवार की जिंदगी बदल देगी। ग्राम पंचायत पीपरा के महेन्द्र को इस योजना में अपना नाम पाकर और उसके नाम से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना अंतर्गत उन्हें सरकार की ओर से कुल राशि 1 लाख 20 हजार रुपए व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत 90 दिवस का मेहनताना मिला, जिससे वह अपने परिवार के लिए एक छोटा सा पक्का मकान बनाया। अब उसके पास एक पक्का घर है, जहां वह अपने परिवार के साथ खुद को सुरक्षित व सहज महसूस करता है।



### आवास के साथ कई योजनाओं का मिला लाभ

*प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने से महेंद्र की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया। अब उसे बारिश के मौसम में पानी टपकने की चिंता नहीं करनी पड़ती, अब उसके पास एक सुरक्षित और मजबूत जगह है, जहां वह अपने परिवार के साथ रह सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलते ही उन्हें स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत शौचालय का लाभ मिला। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला, जिससे रसोई घर धुएं से मुक्त हुआ। इसके साथ ही सौभाग्य–प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के तहत बिजली के एकल बत्ती कनेक्शन का लाभ मिला। इस प्रकार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से महेंद्र का जीवन पहले से बेहतर हुआ है। वे सपरिवार सुकून के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। पक्का आवास मिलने पर खुशी जताते हुए महेन्द्र और उसके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।*

## पेज 11 के शेष

### नक्सलगढ़ रायगुड़ेम...

था। उन्होंने कहा सरकार बिल्कुल भी गोली नहीं चलाना चाहती सरकार नक्सलियों के साथ बातचीत करने तैयार है पर शर्तें नहीं मानी जाएगी। उन्होंने कहा माओवादी मुख्यधारा से जुड़ें सरकार उन्हें पुनर्वास नीति का लाभ दिलाएगी।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने आप सभी लोगों को बोला है नमस्ते-** गृहमंत्री ने जनचौपाल ग्रामीणों की मांग पर सिंचाई के लिए स्टॉपडेम बनाने के निर्देश देते कहा हर समस्या का होगा समाधान। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने नमस्ते कहा है। वहीं मुख्यमंत्री का संदेश है कि कलेक्टर स्वयं खड़े होकर आप सभी लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सब कुछ बनाएंगे। गांव के सभी नौजवान दीदी भैया लोगों को रायपुर घुमाने लेकर जाएँगे और मुख्यमंत्री से भी मिलवाएँगे। जल्द ही आपके गाँव में बिजली आएगी, सड़क बन ही रही है। जितने स्टॉपडेम आपके खेतों की सिंचाई के लिए जरूरी होंगे, वे सारे बनाए जाएंगे। खेती के लिए बीज भी शासन के द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगे।

**सीधे मुझे और कलेक्टर को लगाएं फोन -** गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा तेंदूपत्ता इस बार सरकार ख़रीदेगी। सरकार को इस बार तेंदूपत्ता बेचना है। स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, मोबाइल टावर, टीवी, पीएम आवास और शासकीय पट्टा इन सारे कामों के लिए कुछ भी जरुरत होती है तो कलेक्टर को भी फ़ोन करें। मुझे भी फ़ोन करें। आज तक आपके गाँव में स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, बिजली, सड़क, मोबाइल टावर नहीं आ सकी क्योंकि नक्सलियों ने सभी विकास कार्य को रोक रखा था। अब किसी से डरने की जरुरत नहीं है। जगह जगह शासन के द्वारा आपकी सुरक्षा के लिए कैम्प लगाए गए हैं ।

**वार्ता के लिए नक्सलियों को छोड़नी होगी हिंसा -** रायगुड़ेम एरिया लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ रहा है। यह क्षेत्र नक्सली कमांडर माड़वी हिडमा का गृह क्षेत्र भी है। इस इलाके में सरकारी पहुंच न के बराबर है। जिसके कारण ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं । यहां पहुंच उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार है मंत्री घर-घर गांव-गांव पहुंचेंगे। जवानों को सैल्यूट करता हूं यह सब उनके भुजाओं की ताकत की वजह से ही संभव हो रहा है । गांव वालों से मिला तो ऐसा लगता है कि पूरी दुनिया से इनको अलग कर के रखा गया हो । किसी सुविधा का लाभ नही मिला आज तक। अब सब कुछ मिलेगा क्योंकि यह साय सरकार है। अमित शाह का संकल्प और नरेन्द्र मोदी की सरकार है। नक्सलियों द्वारा शांति वार्ता की पेशकश के सवाल पर गृह मंत्री ने कहा बिल्कुल सरकार एक गोली नहीं चलानी चाहती है। पहले आप गाली दागोगे फिर बात करने ही बात कहोगे तो नहीं होगा।

### बस्तर की वैभव...

संभागीय स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को सहेजने और संवारने सहित वैश्विक पटल पर पहुंचाने के लिए सरकार ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिससे बस्तर की संस्कृति, परंपरा को दुनिया के लोगों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। बस्तर अद्भुत सांस्कृतिक परम्परा, रीति रिवाज और जनजातीय व्यंजन से समृद्ध है, इस पावन धरा में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। इस क्षेत्र में मेरा जन्म ना होने से यहां की संस्कृति और अनेक स्वादिष्ट व्यंजन से मैं वंचित रहा हूं, पर आज इस कार्यक्रम में मुझे बस्तर की सभी स्वाद का अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने बस्तर में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सार्थक प्रयास करने की बात कही। वनमंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम की चर्चा देश-विदेश में हो रही है लोग बस्तर की संस्कृति को समझने के लिए लालायित हो रहे हैं। इसके साथ ही बस्तर क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन, वेशभूषा-आभूषण जो विलुप्तप्राय हैं, ऐसी समृद्ध संस्कृति को बचाने की पहल बस्तर पंडुम के माध्यम से की जा रही है। इस कार्यक्रम में समूचे संभाग के जिलों के प्रतिभागियों द्वारा शानदार प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने दंतेवाड़ा का फाल्गुन मंडई और बस्तर में आयोजित बस्तर दशहरा को सामाजिक समरसता का प्रतीक निरूपित करते हुए कहा कि समाज के लोग इस परंपरा को संवर्धित कर रहे हैं। हमारे बस्तर क्षेत्र में जन्म से मृत्यु तक पंडुम मनाते हैं। इस समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संदेश देने में हमारी परंपरा, रीति-रिवाज की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी संबोधित किया। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**स्टाल का अवलोकन कर व्यंजन का लिया स्वाद-** कार्यक्रम के शुरुआत में दोनों मंत्रियों ने प्रदर्शनी में लगे जनजातीय कला स्टाल का अवलोकन कर प्रदर्शनी में लगे जनजातीय संस्कृति के वाद्य यंत्र का वादन किया और स्थानीय एवं जनजातीय व्यंजन का स्वाद लेकर सराहना की। बस्तर पंडुम के अन्तर्गत सात विधाएं शामिल की गई है। जिसमें संभाग के सातों जिलों के विजेताओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया है।

**लोक गीत और नृत्य की प्रस्तुति-** इस कार्यक्रम में जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा, परब सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत-चौतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा (रीति-रिवाज, तीज त्योहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि) जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

**ढोल, मृदंग, सारंगी, चिकारा और मोहरी की धुन कर रहे मंत्रमुग्ध-** जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकुम, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ, मुंडाबाजा, चिकारा शामिल रहे। जिन्हें संयोजन, पारंगता, प्रकार, प्राचीनता के आधार पर अंक दिए गए। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन विधा में लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहूंटा, बिछिया ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, नकबेसर जैसे आभूषण में एकरूपता, आकर्षकता, श्रृंगार, पौराणिकता को महत्व दिया गया।

**चापड़ा चटनी, सुक्सी पुड़गा और बोबो का चखा स्वाद-** जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन विधा के अंतर्गत घड़वा, माटी कला, काष्ठ, ढोकरा, लौह प्रस्तर, गोदना, भित्तीचित्र, शीशल, कौड़ी शिल्प, बांस की कंघी, गीकी (चटाई), घास के दानों की माला प्रदर्शन प्रस्तुतियां हुई। साथ ही जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन-सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, लांदा, कोसरा, जोन्धरा एवं मड़िया पेज, चापड़ा चटनी, सुक्सी पुड़गा,मछरी पुड़गा, मछरी झोर, आमट साग, तिखुर, बोबो इत्यादि के बनाने की विधि, स्थानीय मसाले, स्वाद, प्रकार का प्रस्तुतिकरण बस्तर पंडुम के मुख्य आकर्षण हैं।

### विशाल डोम में...

के बहाने वे सीधे बस्तर में पूर्ण शांति के लिए अपनी और सरकार की योजनाओं को सामने रखेंगे। कार्यक्रम स्थल को छावनी का रूप दे दिया गया है। दंतेवाड़ा के अगल-बगल के जिले बीजापुर और सुकमा सर्वाधिक नक्सल प्रभावित है, इसलिए इन तीनों जिले के सभी संवेदनशील इलाके तक फोर्स के जवान दिन-रात ड्यूटी कर रहे हैं। दंतेवाड़ा में सुरक्षा की जिम्मेदारी कई आईपीएस ने संभाल रखी है, वहीं दिल्ली से पहुंची सुरक्षा टीम भी पूरे स्थल को अपने घेरे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि अमित शाह नक्सल मोर्चे पर तैनात कमाण्डरों से भी चर्चा करेंगे। राज्य के डीजीपी समेत पुलिस मुख्यालय के कई आला अधिकारी और सीआरपीएफ तथा अन्य बलों के डीजी भी मौजूद रहेंगे। 5 अप्रैल को गृहमंत्री शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी माईं के दर्शन के बाद बस्तर पंडूम में शिरकत करेंगे, वे एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन की अगुवाई करने वाले नक्सल मोर्चे पर तैनात विभिन्न फोर्स के कमाण्डरों के साथ भी संवाद भी करेंगे।

**जवानों के अलावा सरेंडर नक्सलियों से भी संवाद करेंगे-** यह भी बताया जा रहा है कि बड़े-बड़े नक्सली लीडर के मारे जाने और नक्सलगढ़ में सीधे आपरेशन करने के पीछे आत्मसमर्पित नक्सलियों की अहम भूमिका है। साथ ही समर्पण के बाद जवान बने स्थानीय युवा भी इस सफलता में फोर्स को पूरी मदद कर रहे हैं। अमित शाह जवानों के अलावा सरेंडर नक्सलियों से भी संवाद करेंगे। विशाल मंच और सामने दर्शकों के लिए विशाल डोम साथ ही प्रदर्शनी और कला स्टाल के लिए भी डोम तैयार हो गए हैं। कुल मिलाकर पूरे हाईस्कूल मैदान को सुसज्जित डोम से सभी के लिए गर्मी और वर्षा से बचने के लिए माकुल इंतजाम किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पुत्रियों ने पिता का पार्थिव देह एनाटॉमी विभाग को सौंपा



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा नंबर 3 में रहने वाले ने अपनी अंतिम इच्छा बताते हुए अपने बेटियों से कहा था कि अगर मेरी आत्मा को शांति देना चाहते हो तो मेरे शव को मेकाज के छात्रों को सौंप देना, जिससे मेरा पार्थिव देह से सीखने को बहुत कुछ मिलेगा। उक्त बातें सांतरा परिवार के सुगंधा, सृष्टि एवं पलाश ने बुधवार को अपने पिता के पार्थिव शरीर को एनाटॉमी विभाग को सौंपने से पहले कही। बताया जा रहा है कि धरमपुरा नंबर 3 में रहने वाले सुपर्ण सांतरा अपने घर में एक आटा चक्की चलाने का काम करते थे, इसी चक्की से अपने दोनों बेटी व बेटे की पढ़ाई करवाए थे। पुत्री सुगंधा, सृष्टि एवं पलाश ने बताया कि मंगलवार को पिता सुपर्ण की इलाज के दौरान विशाखापत्तनम में निधन हो गया। निधन के बाद बुधवार की सुबह परिजन जगदलपुर पहुंचे, मेकाज के डॉक्टरों से चर्चा करने के बाद पूरे सम्मान के साथ पिता के शव को मेकाज को सौंपा दिया गया।

### बचेली, बैलाडीला मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य शुरू



**बचेली।** बचेली से किरंदुल तक का मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य शुरू होने से बचेली के जनता में हर्ष की लहर दौड़ गयी हैं। कुछ दिनों पहले, लोग गड्ढों में सड़क ढूंढ़ने का प्रयास करते रहे हैं, मिनटों का सफर घंटो में पूरा हो रहा था।
सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क पता ही नहीं चल रहा था। वाहन का पहिया एक गड्ढा बचाने के चक्कर में दूसरे गड्ढे में चला जा रहा था। जिला मुख्यालय से बैलाडीला तक मार्ग निर्माण एजेंसी द्वारा इतनी धीमी गति से किया जा रहा था की पता नहीं कब बचेली बैलाडीला का मार्ग बनेगा। अब कार्य शुरू होने से नगर वासियों ने राहत की सांस तो ली हैं। पर पता नहीं कार्य कब पूरा होगा। खदान क्षेत्र होने के कारण बचेली से बैलाडीला। बैलाडीला से बचेली कई कर्मचारियों का प्रतिदिन आना जाना रहता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से मजदूरी करने आने वाले लोगों को भी इस टूटी फूटी सड़क को प्रतिदिन झेलना पड़ रहा था और बचते बचाते मजदूरी करके अपने घर जाना पड़ रहा था। प्रतिदिन हजारों टन लौह अस्यक का परिवहन भी इसी सड़क मार्ग से 14 चक्का, 12 चक्का ट्रको दवारा किया जाता है, लेकिन सड़क निर्माण की धीमी गति से राहगिरों को बहुत तकलीफों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा था। निर्माण कार्य शुरू होने से सभी ने राहत की सांस तो ली हैं पर निर्माण कार्य और भारी वाहनों के चलने से उड़ने वाली धुल से सभी राहगीर बहुत परेशान हैं।

### हड़ताल से पंचायतों में कामकाज ठप



**जगदलपुर।** प्रदेश सरकार से नाराज पंचायत सचिवों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अभी-अभी पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ है और नवनिर्वाचित पंच, सरपंच हड़ताल के चलते काम शुरू नहीं कर पाए हैं। ऐसी स्थिति में सरपंच खुद धरना स्थल पहुंचकर समर्थन दे रहे हैं। हड़ताल मांग पूरी होने तक जारी रहने की बात सचिव कह रहे है।

## उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत...



**दंतेवाड़ा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हेलीपेड में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एडिशनल एसपी आरके बर्मन तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

# संगम दरगाह मार्ग के लिए विधायक के प्रयास से शासन से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



मुस्लिम समाज के द्वारा कई वर्षों से संगम दरगाह पहुंच मार्ग के उन्नतीकरण एवं निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी। मार्ग खराब होने से सालाना उर्स एवं अन्य कार्यक्रमों में जाने के लिए काफी परेशानी होती थी। उक्त मार्ग को बनाने के लिए मुस्लिम समाज ने विधायक किरण सिंह देव से मांग की थी। उन्होंने आश्वासन दिया और स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था। संगम दरगाह मार्ग के 0.85 किमी निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति छग शासन लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा प्रदान की गई।

उक्त कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक किरण सिंह देव का मुस्लिम समाज की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष व सदस्य एवं मुस्लिम समाज ने आभार व्यक्त किया है। उनका सम्मान किया गया गया। मुस्लिम समाज के कार्यकारी अध्यक्ष व सदर (एडहॉक कमेटी) हाजी डॉ. एस. जहीरूद्दीन ने उनसे गुजारिश की भविष्य में भी इसी तरह आपका सहयोग समाज को प्राप्त होता रहेगा। आपके सहयोग के लिए मुस्लिम समाज तहे दिल से आपका आभार प्रकट करती है। प्रतिनिधी मंडल में वरिष्ठ सदस्य इसराईल भारती, मो. आसिफ, शेख रियाज, इमरान बरबटिया, मो. नदीम, सैय्यद साजिद अली एवं शेख बाबा जमीर उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी पूरी नहीं होने से सचिव हड़ताल पर

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, सरपंच संघ ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड



पंचायत सचिवों ने कहा है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का जो वादा किया था, उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है।

इसी के चलते उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती। इस हड़ताल में सरपंच संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। सरपंच संघ के सदस्यों ने

- संघ अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई है

पंचायत सचिवों के साथ एकजुटता दिखाते हुए कहा कि पंचायत सचिवों के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी तेज किया जाएगा।जनपद पंचायत बस्तर के जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा केंद्र और राज्य सरकार ने जो वादा किया था, उसे निभाना चाहिए। हम सभी साथियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस आंदोलन को और मजबूत करने का निर्णय लिया है ताकि गांवों के विकास की दिशा में एक मजबूत आवाज उठाई जा सके।

हड़ताल के दौरान पंचायत सचिवों ने यह भी कहा कि वे अपने कर्तव्यों से विमुख नहीं हैं, लेकिन जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे काम नहीं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र समाधान किया जाए। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण गांवों के विकास कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

पंचायत सचिवों ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक मांग नहीं, बल्कि पंचायत प्रणाली को मजबूत बनाने और ग्राम विकास को सुनिश्चित करने के लिए है। उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि वे गांवों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उनके साथ खड़ा होना सरकार की जिम्मेदारी है।

# प्रफुल्ल विश्वकर्मा के अध्यक्ष बनने से समाज के लोगों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के संरक्षक प्रफुल्ल विश्वकर्मा को लोह शिल्पकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले समाज के पदाधिकारी व सदस्य

साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद महेश कश्यप एवं सभी संभाग के विधायक, सांसद से सतत एवं सौजन्य भेंट कर समाज की प्रमुख मांगे रखी जाती थी। समाज के संरक्षक को लोह शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर समाज का सम्मान को बढ़ाया गया है। संघ के संस्थापक अंबिका प्रसाद विश्वकर्मा, संरक्षक डॉ. मानिक लाल विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पीआर विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री अजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश



शर्मा, रंजीत शर्मा, विजेंद्र शर्मा, एसएन वर्मा, रमेश शर्मा, आरडी विश्वकर्मा, केएल विश्वकर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, उमेश शर्मा, सुभाष पांचाल, मंत्री आरपी विश्वकर्मा, संयुक्त मंत्री नवल किशोर पांचाल, सुशील कुमार विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी महेंद्र विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष देवानंद शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, महिला प्रकोष्ठ से महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सुचित्रा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष मीना विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री शारदा पांचाल, कोषाध्यक्ष बिमला शर्मा, सुनीता ओझा, समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठन, सभी सांसद, विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## प्रकृति संरक्षण का संदेश देता चैतरई परब...





जगदलपुर। बस्तर के जनजाति समुदाय के लोग माटी त्यौहार के रूप में नववर्ष मनाते है। पूरे धूमधाम के साथ धरती माता को प्रकट करते हुए मनाया जाता है। ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि बस्तर के जनजाति समाज माटी तिहार धरती को भगवान मानकर पूजा करते हैं। जिसमें आम, महुआ, चार, तेंदू एवं जो माटी से मिलता है, उसे सबसे पहले माटी को समर्पित की जाती है। जनजाति समुदाय धरती के प्रति अपने ऋण चुकाने और माटी के सम्मान में उत्सव मनाते है। आज बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुन पेड़ों की कटाई, धरती से प्राप्त संसाधनों का दोहन हो रहा है, जिससे पृथ्वी में समस्याएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा विवाह संस्कार, संस्कृति-रीति रिवाज, नृत्य-गीत-संगीत के माध्यम से जनजाति समाज उत्सव मनाते है। नववर्ष से पूरे एक महीने चैत्र माह तक यह उत्सव चलता रहता है। इसे जनजाति समाज अपने-अपने सुविधा के अनुसार मनाते हैं।

# पंच परमेश्वर की तरह निष्पक्ष होकर जनता की सेवा करें : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल से आज क्षेत्र के पंच, सरपंचों ने मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं पानी, सड़क और अन्य समस्याओं के निराकरण में सहयोग मांगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ग्राम विकास में पंच, सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

- नव निर्वाचित पंच, सरपंचों ने विधायक निवास पहुंच मुलाकात की

गांव के गरीब लोग उम्मीद लेकर आपके पास आते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं हैं, जिसमें गरीबों को उसका लाभ दिलाना है। सरकार की मंशा है कि गरीब परिवार ऊंचा उठे, जो सबसे नीचे दबा हुआ है, परेशान है, आर्थिक रूप से कमजोर है ऐसे लोगों को पहले मदद पहुंचाना आप लोगों की जवाबदारी है। उन्होंने कहा कि पंच परमेश्वर की तरह बिना भेदभाव के जो पात्र व्यक्ति है उसे पहले योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करे। चुनाव 5 साल में एक बार आता है। पंचायती राज व्यवस्था इसलिए लागू की गई क्योंकि इसमें सबकी भागीदारी होती है।

महिलाएं घर के काम में ही व्यस्त रहती थीं, लेकिन जबसे पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई है तब से महिलाएं सरपंच, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष जो ग्रामीण क्षेत्र का सर्वोच्च पद है, वहां बैठकर निर्णय ले रही हैं और सीधे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। इस पद को आप लोग महत्व देकर ईमानदारी से काम करेंगे तो सबका भला होगा। पंच, सरपंच के साथ पहुंचे भाजपा नेता रैतूराम बघेल और नरेश खापर्डे ने विधायक के विचार को अपना कर ग्रामीणों का भला करने की बात कही है।



ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम

धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स
सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
- आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया
- लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- चश्मा
- नासूर की शल्यक्रिया

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मद्दी को पद मिलने से समर्थकों ने खुशियां मनाई



जगदलपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस नियुक्ति से उनके समर्थकों और बस्तर क्षेत्र में खुशी है। मद्दी के अनुभव से इस क्षेत्र में सार्थक योगदान की उम्मीद की जा रही है।

### जस गीत स्पर्धा आज

जगदलपुर। जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन पतंजलि योग समिति व सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में 4 अप्रैल को दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में संध्या 7 बजे किया जा रहा। प्रतियोगिता में अधिकतम 10 प्रतिभागियों को 10 मिनट दिये जाएंगे। अंक गीत लय ताल भेषभूसा,प्रस्तुति पर दिये जाएंगे। प्रतियोगिता निःशुल्क है, प्रथम, दितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जावेगा।

### उपमंडियों में पहुंची 52 हजार क्विंटल इमली

जगदलपुर। बस्तर जिले के साप्ताहिक बाजार के उपमंडी में एक माह में लगभग 52 हजार क्विंटल इमली की आवक पहुंची, जिसकी दर 3200-11000 रूपए क्विंटल बताई जा रही है। इसमें से व्यापारियों ने आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र एवं उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा इमली भेजा है। वहीं दूसरी ओर जगदलपुर मंडी एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी का दर्जा है, पर कृषि मंडी परिसर में इमली आवक नगण्य है। व्यापारी उपमंडी में खरीदकर कृषि मंडी परिसर के गोदाम तक ला रहे हैं। मंडी के सचिव केएल मंडावी ने व्यापारियों को कहा कि मंडी में उपज की आवक लाएं, जिससे मंडी की आय बढ़ सके।

### एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 रहा उपलब्धियों भरा

# 2 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का किया उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दो मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के नगरनार स्थित । एकीकृत स्टील प्लांट ने अपनी स्थिरीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में हॉट मेटल उत्पादन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है, जब प्लाट ने अपने संचालन के पहले साढे सात महीनों में 966,468 टन उत्पादन किया था।

अपने संचालन के दूसरे वर्ष में ही अपनी निर्धारित क्षमता का 60 प्रतिशत उत्पादन का आकड़ा प्राप्त करने के बाद, प्लांट चालू वित्तीय वर्ष में हॉट मेटल उत्पादन की 3.3 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की निर्धारित क्षमता तक पहुँचने के लिए अच्छी स्थिति आ गया है। 15 अगस्त 2023 को कमीशन हुए एनएसएल स्टील प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता की ओर लगातार बढ़ रहा है। यह एक मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र का प्रदर्शन करता है और परिचालन उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

पिछले वित्तीय वर्ष में एन एस एल ने अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की। पिछले वित्त वर्ष के अधिकांश समय में चुनौतीपूर्ण बाजार परिदृश्य से निपटने के बावजूद और प्लांट गेट पर ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण दो सप्ताह के उत्पादन और प्रेषण व्यवधान के बावजूद, एन एस एल ने 1.45 मिलियन टन से अधिक हॉट रोल्ड (एचआर) कॉइल और शीट्स का विपणन करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की तुलना में बिक्री की मात्रा में 300% से अधिक की पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जो एन एस एल के बढ़ते ग्राहक आधार और मजबूत बाजार स्थिति को दर्शाता है।

एनएसएल ने मार्च 2025 में रिकॉर्ड 2,29,874 टन हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) भेजकर एक और रिकॉर्ड बनाया, जो उत्पादन शुरू होने के बाद से सबसे अधिक मासिक प्रेषण है। मार्च 2025 में 4 लिबरलाइज्ड स्पेशल फ्रेट ट्रेन ऑपरेटर रेक (एलएसएफटीओ रेक) की रणनीतिक भागीदारी ने लगभग 40,000 टन एचआर कॉइल्स को डिस्पैच किया, जिसने डिस्पैच क्षमता की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया। मार्च का मील का पत्थर फरवरी 2025 में हासिल किए गए पिछले मासिक सर्वश्रेष्ठ 1,41,207 टन से 63% की वृद्धि दर्शाता है।

## एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत...



जगदलपुर। उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व बस्तर जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य योगेन्द्र पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा समेत अन्य भाजपाई शामिल थे।

## राम नवमी पर नगर में निकलेगी भव्य-दिव्य शोभायात्रा



जगदलपुर। रामनवमी पर्व को भव्यता से मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिन्दू संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी है। विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर को भगवा रंग से पाट दिया है। शहर के हर चौक चौराहों में राम लला की मूर्ति की स्थापना भी कर दी गई है। शहर को विशेष लाइटिंग से सुंदर व आकर्षक सजाया गया हैं। साथ ही इस बार महाराष्ट्र की शिव गर्जना की टीम को भी आमंत्रित किया गया हैं, जो शोभायात्रा में आकर्षक का केंद्र रहेगा। इस टीम में 65 लोग शामिल रहेंगे, जो ढोल नगाड़ो से शिव ताण्डव और राम धुन को बजायेंगे। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता, प्रदेश पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी, योगेंद्र कौशिक,अमन शर्मा,संजय रेड्डी ने बताया कि राम कथा अनुसार बस्तर में भगवान राम से काफी जुड़ा हुआ है और बस्तर के ग्रामीणों की आस्था भी भगवान राम के साथ है।

## अपनी क्षमता को परखने के लिए जरूर दें टेस्ट : कलेक्टर



जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. ने एनईईटी और अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए अधिक से अधिक समय पढ़ाई को दें और अपनी क्षमता को परखने के लिए जरूर टेस्ट दें। ज्ञानगुड़ी केंद्र में विषय विशेषज्ञ शिक्षक हैं जिनसे आप अपने डाउट्स को क्लियर कर सकते हैं। सभी विद्यार्थी कोशिश करें कि परीक्षा में अधिक अंक हासिल कर इस वर्ष ही अपने मनपसंद के कालेजों में दाखिला मिल जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुशासित होकर नियमित कक्षा में उपस्थिति, आधुनिक गैजेट से दूरी, सिलेबस के आधार पर पढ़ाई और रिवीजन, लगातार मॉक टेस्ट देना जैसी आदत डालनी होगी। उक्त बातें कलेक्टर ने धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी एनईईटी और अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स प्रारंभ के अवसर पर कही।

## किसान वृक्ष मित्र योजना पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे बस्तर के 13 किसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ वन व जलवायु परिवर्तन विभाग ने किया एक दिवसीय कार्यशाला

मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग केदार कश्यप के मार्गदर्शन में किसान वृक्ष मित्र योजना के विषय पर हाल ही में रायपुर में प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें बस्तर संभाग के 13 किसान शामिल हुए। कार्यशाला में किसान वृक्ष मित्र योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन, वाणिज्यिक वृक्षारोपण की प्रबंधन, राजस्व क्षेत्र में वृक्ष कटाई प्रक्रिया एवं वृक्ष कटाई नियम-2022 पर चर्चा, लाभान्वित कृषक, हितग्राहियों द्वारा अनुभव साझा, क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा योजना की सफलता पर सुझाव एवं चर्चा किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक वृक्ष प्रजातियों के रोपण हेतु स्वस्थ्य पौधे प्रदाय किए जाने तथा हितग्राहियों को समय पर नार्म्स अनुसार अनुदान राशि प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पौधा रोपण पश्चात वन अमलों एवं प्रेरकों के द्वारा उचित रख-रखाव की मॉनिटरिंग कर कृषकों को प्रेरित करने के संबंध निर्देशित किया गया। किसानों को वाणिज्यिक वृक्षारोपण के संबंध में समस्त जानकारी प्राप्त करने एवं तकनीकी सहायता देने के लिए मोबाईल एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर बनाने हेतु संबंधित प्रभाग को निर्देशित किया गया है। जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि किसान वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत सहयोगी संस्था तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), समस्त वन मंडलाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए लाभान्वित कृषक उपस्थित हुए और योजना के संबंध में अपना अनुभव साझा किए।

## आत्मीय स्वागत...



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष बनने के बाद श्रीनिवास राव मद्दी का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक विनायक गोयल, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, विद्याशरण तिवारी समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## जनसेवा की परिकल्पना को साकार कर रहे जैन समाज के युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से जैन समाज के युवा करेंगे एंबुलेंस सेवा संचालित

सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जनसेवा की परिकल्पना को साकार करते हुए निःस्वार्थ भाव से क्षेत्र के लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों में एंबुलेंस की सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से हाता ग्राउण्ड में करवाये जा रहे आठ दिवसीय महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 प्रतियोगिता में बुधवार को दो मैच खेले गए।

पहला मैच वीर 11 व क्षमा 11 के मध्य खेला गया। वीर 11 ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 126 रन बनाएं। वीर 11 की ओर त्रिलोक बाफना ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 4 चौके और 7 छक्कों की मदद से 74 रन बनाएं, तो अतुल मिन्नी ने 19 गेंदों में 3 चौके व 1 छक्का लगाकर 31 रनों का योगदान दिया। क्षमा 11 की ओर से कुशल लुंकड़ ने 2 विकेट लिए और श्रेयांश जैन व महावीर बाफना को 1-1 विकेट मिला।

रनों का पीछा करते हुए विपक्षी टीम ने 2 विकेट खोकर 127 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। अक्षय जैन ने 33 बॉल में 5 चौके, 6 छक्के लगाकर 68 रनों की धुआंधार पारी खेली। कुशल लुंकड़ ने 15 गेंद में 1 चौका व 3 छक्के जड़कर 28 रनों का योगदान दिया। बल्लेबाज अक्षय जैन ने मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।



प्रतियोगिता का दूसरा मैच संयम 11 व धैर्य 11 के बीच खेला गया। संयम 11 ने बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 11.3 ओवर खेलकर 83 रनों पर धराशायी हो गई। निखिल जैन 15, हिमांशु जैन 17 और हेमंत कोचर ने 16 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए गौरव बंगानी, सौरभ जैन, विजय रीढ़ ने 2-2 विकेट लिए एवं आयुष जैन को 1 विकेट मिला। धैर्य 11 के सलामी बल्लेबाजों ने 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। विजय रीढ़ ने 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 48 रन की पारी खेली। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विजय रीढ़ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा एवं मनीष पारख ने दी।

## वक्फ संशोधन बिल देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ देश की न्यायिक प्रणाली को मिलेगी मजबूती

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ संशोधन बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो पहले किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे था। यह एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिससे देश की न्यायिक प्रणाली को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत में वक्फ संपत्तियों की संख्या अत्यधिक है और इसका समुचित उपयोग गरीब एवं जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के लोगों तक नहीं पहुँच पा रहा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वक़्फ़ संपत्तियों का लाभ मुस्लिम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलना चाहिए, न कि कुछ विशेष लोगों तक सीमित रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में कई अनियमितताओं की पुष्टि हुई है, जिनका समाधान आवश्यक था। वक्फ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों को हटाने और इन संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कठोर प्रावधान किए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से वक्फ ट्रिब्यूनल के निर्णयों को अब न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी, जो एक बड़ा सुधार है।



पहले यह संभव नहीं था, जिससे कई विवादों का समाधान नहीं हो पाता था। अब न्याय की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। श्री शर्मा ने विपक्ष द्वारा बिल के विरोध को अनुचित बताया और कहा कि यह किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में वक्फ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने इस निर्णय को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि यह केवल वक्फ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी धार्मिक संपत्तियों की पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## 30 अप्रैल तक टैक्स जमा कर सकते हैं : संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ नगर निगम में करदाताओं को एक और अवसर,संपत्ति कर भुगतान की तिथि बड़ी

नगरी निकायों में संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2024 -25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों का निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावित रही तथा उक्त कार्यों में निकायों के अधिकारी कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्रवाई प्रभावित हुई है।

इस वर्ष संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि मे 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते हुए 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संपत्ति कर संग्रहण किया जाए। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा वित्तीय वर्ष 2024- 25 में जो नागरिक 31 मार्च तक किसी कारणवश निगम में संपत्ति कर, समेकित कर, यूजर्स चार्ज, जलकर की राशि जमा नहीं कर पाए हैं छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार जनता को राहत देते हुए 30 अप्रैल तक निगम में सहायक राजस्व या वार्ड मोहरीन के पास संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।

## सड़क में एकाएक 30 फीट सुरंगनुमा गहरा गड्ढा होने से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जमीन का कुछ हिस्सा अपने आप कुछ ही पल में हो गया जमीदोज



संभाग मुख्यालय से लगभग 32 किमी दूर बस्तर ब्लाक के सोनारपाल गांव मे एक अजीब घटना सामने आई है। रास्ते से जा रहे लोगो की नजर अचानक सड़क पर पड़ी तो जमींन अपने आप जमोदोज हो गई है। जहां एक सुरंगनुमा 30 फीट गहरा और 15 फीट गोला आकार में एक गहरा गड्ढा बना दिया है। बताया जा रहा है इस गांव मे पहले भी इस प्रकार की घटना घटी हैं। जहां गहरा गड्ढा हुआ उसके बगल से गांव की ओर आने जाने वाली सड़क है और उससे लगे पूरी जमीन खाई के रूप में बन गई,आसपास भी दरारें छोड़ दी है। इस घटना के बाद गांव में ग्रामीणों के लिए कौतुहल और भय का वातावरण बना हुआ है। गांव के लोग यह नही समझ पा रहे है कि आखिर जमीन देर रात कैसे धस गई है। ईधर अपने आप बने गहरे गड्डे को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। गांव में हुए इस अजीबोगरीब घटना के बाद उस क्षेत्र को पूरा घेरा बना दिया है और पुलिस सहित सम्बंधित विभाग को सूचना भी दे दी गई है। इलाके में यह भी चर्चा का विषय है कि जिस प्रकार का गहरा चारों ओर से बड़ा गड्ढा हुआ है क्या एलियन या उनका विमान तो नहीं उतरा है। या फिर कोई पुरानी सुरंग का द्वार तो नही है या कोई ये भूगर्भीय घटना तो नही।

### भूगर्भीय घटना को ग्रामीण एलियंस से जोड़ रहे

बता दें कि बस्तर के कुछेक स्थानों में पत्थरों पर उकेरे गए कई प्राचीन चित्र भी मिलने की खबरे सामने आती रहती हैं। जिनकी तुलना एलियंस से की जाती रही है। बहरहाल इलाके में हुए यह अजीब घटना को लेकर ग्रामीण इसे देवी, देवताओं से भी जोडकर देख रहे हैं। लेकिन कुछ बोलने से बच रहे हैं। अब अचानक हुए 30 फीट के सुरंग को लेकर सवाल काफी उठ रहा है की आखिर यह हुआ कैसे। ग्रामीण कल्याण और लखन पटेल ने बताया ऐसी घटना गांव में पहली बार हुई, इसलिए गांव के लोगों में तरह-तरह की बातें हो रही है अधिकांश ग्रामीण इसे एलियंस से जोड़ रहे है।

## वेद ज्ञान पीठ तोंगपाल से नवोदय में चयनित हुए 60 प्रतिशत बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





वेद ज्ञान पीठ तोंगपाल जो कि छिंदगढ़ विकासखंड का पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल है। यह पाठशाला संस्कारमय शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद तथा अन्य शैक्षिक गतिविधियों के लिए सुकमा जिले में अपनी विशेष पहचान रखता है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस बार 60 प्रतिशत बच्चे चयनित हुए। इस विद्यालय में बच्चो को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। शुक्ला सर की एक मात्र इच्छा यही है कि वेद के अंग अर्थात वेदांग वेद ज्ञान पीठ के विद्यार्थी एक दिन लाल बत्ती की सवारी में अधिकारी बनकर आए जिससे उनका विद्यालय खोलना सफल हो जाए। इस बार 5 में से 3 बच्चे चयनित हुए जिनमें दीपेश नाग पिता सीताराम नाग, पुष्पेंद्र नाग पिता बली राम नाग दोनों ग्राम मांझीडीह से जो बहुत ही अंदुरनी क्षेत्र है। अंकिता मेश्राम पिता विजय कुमार मेश्राम तोंगपाल साथ वेद ज्ञान पीठ के दूसरी शाखा पुसपाल से भी एक विद्यार्थी प्रतिभा पिता राम नरेश नेताम ग्राम पुसपाल का तथा एक और बच्चा अभिनव माड़वी पिता माड़वी हिड़मा ग्राम बड़े केडवाल का चयन हुआ।

